संपूर्ण विश्व में सिख समाज का सामाजिक आर्थिक परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

स्किल्ड डेमोग्राफी की ताकत से भारत संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

युवाओं को बदलते समय के साथ आगे बढ़ना होगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने दिल्ली विश्व विद्यालय के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 39 वें वार्षिक दिवस को संबोधित किया।

...

नई दिल्ली; 02 मई 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज दिल्ली विश्व विद्यालय के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 39 वे वार्षिक दिवस को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने गुरु गोबिंद सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कहा कि सिख समाज में सदैव आध्यात्म, बलिदान, और सेवा जैसे मूल्यों की प्रधानता रही है। उन्होंने आगे कहा कि सिख धर्म गुरुओं ने सेवा और समर्पण से मानवता को नई दिशा दी और पूरे विश्व को प्रेरित किया। श्री बिरला ने बताया कि पूरे विश्व में सिख समाज का सामाजिक आर्थिक परिवर्तन में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और अध्यात्म सिख धर्म की पहचान है ।

परिश्रम और सेवा को सिख धर्म का मूलभूत आधार बताते हुए श्री बिरला ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया और समाज के शोषित वर्ग के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आगे कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी सदैव धर्म के रास्ते पर चले और उनके कार्यों ने संपूर्ण समाज को दिशा दी है।

गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के विषय में श्री बिरला ने कहा कि इस कॉलेज की ख्याति संपूर्ण विश्व में है और इसके छात्रों ने दुनिया में अपना विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज

के छात्रों ने सदैव साहस, शौर्य और ज्ञान को वरीयता दी है और अपने कड़े परिश्रम से कॉलेज का नाम रौशन किया है।

प्रारंभिक समय से ही अपने लक्ष्य तय करने और उनको पूरा करने के लिए परिश्रम करने पर बल देते हुए श्री बिरला ने कहा कि विश्व परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह डिजिटल युग है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है, अतः सभी युवाओं को बदलते समय के साथ आगे बढ़ना होगा। अच्छी शिक्षा में कॉलेज के योगदान के संदर्भ में श्री बिरला ने कहा कि अच्छा शिक्षण - प्रशिक्षण, अच्छा वातावरण, अच्छे कॉलेज से ही प्राप्त होता है।

रिसर्च, इनोवेशन पर जोर देते हुए श्री बिरला ने बताया कि भारत का युवा आज स्टार्टअप के द्वारा सामाजिक आर्थिक परिवर्तन की दिशा में अपना योगदान दे रहे है। उन्होंने आगे कहा कि स्किल्ड डेमोग्राफी की ताकत से भारत संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने बताया कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और हर क्षेत्र में भारत नेतृत्व दे रहा है।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और लोक सभा सांसद डॉ. हर्ष वर्धन भी मौजूद रहे।